दिन– बुधवार दिनांक– 17/04/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. उन्नीस अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार का आज अंतिम दिन। बिहार के चार संसदीय क्षेत्रों– औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई से अड़तीस प्रत्याशी चुनाव मैदान में।

02. सिविल सेवा परीक्षा दो हजार तेईस के परिणामों में बिहार के अभ्यर्थियों का शानदार प्रदर्शन। समस्तीपुर के शिवम कुमार टिबरेवाल राज्य में प्रथम स्थान पर।

03. रामनवमी का पर्व आज धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। पटना के महावीर मंदिर समेत विभिन्न मंदिरों में देर रात से ही श्रद्धालुओं की उमड़ रही है भीड़।

04. और, पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के कई स्थान लू की चपेट में। मौसम विभाग ने आज चौदह जिलों में लू की चेतावनी जारी की।

---

उन्नीस अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार का शोर आज शाम पांच बजे थम जाएगा। इस चरण के तहत बिहार समेत इक्कीस राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की एक सौ दो लोकसभा सीटों पर चुनाव होने हैं। राज्य में चार संसदीय क्षेत्रों– औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई के लिए मतदान होगा। इन सीटों पर कुल अड़तीस प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। गया से सबसे अधिक चौदह उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। औरंगाबाद से नौ, नवादा से आठ और जमुई से सात उम्मीदवारों की चुनावी किस्मत का फैसला होना है। पहले चरण में औरंगाबाद सीट पर मुख्य मुकाबला भाजपा के सुशील सिंह और राजद के अभय कुशवाहा के बीच माना जा रहा है। वहीं, जमुई सीट पर लोजपा, रामविलास के अरूण भारती और राजद की अर्चना रविदास के बीच सीधी टक्कर है। नवादा संसदीय सीट पर भाजपा के विवेक ठाकुर और राजद के श्रवण कुशवाहा तथा गया लोकसभा सीट पर हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के जीतनराम मांझी और राजद के कुमार सर्वजीत के बीच मुख्य मुकाबला माना जा रहा है।

---

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव आज गया, जमुई और बांका संसदीय क्षेत्रों में पांच चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। वहीं, जदयू के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए उन्नीस अप्रैल से चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत करेंगे।

———————————————————————————

लोकसभा चुनाव के लिए विकासशील इंसान पार्टी ने गोपालगंज निर्वाचन क्षेत्र से प्रेमनाथ चंचल उर्फ चंचल पासवान को प्रत्याशी बनाया है। इस सीट पर छठे चरण में चुनाव होना है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता देव ज्योति ने बताया कि जल्द ही पूर्वी चंपारण सीट से भी प्रत्याशी की घोषणा कर दी जाएगी। इधर, बहुजन समाज पार्टी ने झंझारपुर लोकसभा सीट से पूर्व विधायक गुलाब यादव को उम्मीदवार बनाया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शंकर महतो ने यह जानाकरी दी। गौरतलब है कि इस सीट से वीआईपी की ओर से सुमन कुमार को टिकट मिलने के बाद गुलाब यादव बसपा में शामिल हो गये थे।

———————————————————————————

और अब पेश है– लोकसभा चुनाव की गतिविधियों पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष प्रस्तुति। आज के इस अंक में आप सुनेंगे नालंदा लोकसभा क्षेत्र में चुनाव को लेकर की जा रही तैयारियों और आदर्श आचार संहिता के अनुपालन पर हमारे संवाददाता की रिपोर्ट....

———बाईट———

नालंदा विधानसभा क्षेत्र में सातवें चरण के तहत एक मई को मतदान होगा। चुनाव घोषणा के साथ ही जिला प्रशासन इन दोनों सीटों पर आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में जुट गया है। जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि मतदाताओं की सुविधा के लिए पोलिंग बूथों पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है।

———बाईट———

जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप के तहत लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसमें आगंनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता और जीविका दीदियों की मदद ली जा रही है। पहली बार वोट करने वाले मतदाताओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

———बाईट———

इधर, नालंदा में राजनीतिक दलों का चुनाव अभियान भी जोर पकड़ने लगा है। आकाशवाणी समाचार के लिए बिहारशरीफ से निरंजन कुमार।

———————————————————————————

पटना के जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक ने स्वीप के तहत संचालित **नॉक द डोर अभियान** में शिथिलता बरतने के आरोप में चार सौ पंद्रह पदाधिकारियों और कर्मियों से स्पष्टीकरण की मांग की है।

———————————————————————————

संघ लोक सेवा आयोग– यूपीएससी की ओर से जारी सिविल सेवा परीक्षा दो हजार तेईस के अंतिम परिणाम में बिहार के अभ्यर्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शीर्ष दो सौ में प्रदेश के पच्चीस अभ्यर्थियों ने स्थान बनाया है। इनमें समस्तीपुर के शिवम कुमार टिबरेवाल ने उन्नीसवां स्थान प्राप्त किया है। गोपालगंज के सौरभ शर्मा तेईसवें स्थान पर रहे हैं। वहीं, औरंगाबाद के विरूपाक्ष सिंह ने उनचासवां स्थान हासिल किया है। पटना की फुलावारीशरीफ निवासी प्रिया को उनहत्तवां स्थान मिला है। आईआईटी कानपुर के छात्र आदित्य श्रीवास्तव पहले स्थान पर रहे हैं। वहीं, अनिमेष प्रधान ने दूसरा जबकि दोनुरू अनन्या रेड्डी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले पच्चीस शीर्ष उम्मीदवारों में दस महिलाएं और पंद्रह पुरुष शामिल हैं। यूपीएससी ने नियुक्ति के लिए कुल एक हजार सोलह उम्मीदवारों के नामों की अनुशंसा की है। इनमें से छह सौ चौंसठ पुरुष और तीन सौ बावन महिलाएं हैं। इस परीक्षा में छह लाख से अधिक छात्र–छात्राओं ने भाग लिया था।

———————————————————————————

रामनवमी का पर्व आज धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह पर्व भगवान विष्णु के सातवें अवतार भगवान राम के जन्म के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

———म्यूजिक———

रामनवमी को लेकर पटना जंक्शन स्थित महावीर मंदिर में पूजा–अर्चना की विशेष व्यवस्था की गयी है। मंदिर के पट रात्रि के दो बजकर पंद्रह मिनट पर खोल दिये गये। पूजा के लिए हनुमान मंदिर से लेकर आर ब्लॉक होते हुये इनकम टैक्स गोलम्बर तक श्रद्धालुओं की कतार लगी हुई है। आज दोपहर में पूजा के दौरान ड्रोन के माध्यम से महावीर मंदिर के ऊपर पुष्प वर्षा की जायेगी। पटना के राजवंशी नगर स्थित हनुमान मंदिर में भी सुबह से ही पूजा–अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी हुई है। जिला मुख्यालयों से हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि रामनवमी को लेकर हनुमान मंदिरों में पूजा–अर्चना की विशेष व्यवस्था की गयी है। श्रद्धालु पंक्तिबद्ध होकर भगवान

श्रीराम और हनुमान जी की आराधना कर रहे हैं। कई जगहों पर शोभा यात्रा भी निकाली जाएगी। राजधानी पटना में राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत कई गणमान्य नेता शोभा यात्रा का अभिनंदन करेंगे।

———म्यूजिक———

इधर, रामनवमी पर प्रभु श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में भव्य पूजन का आयोजन किया जा रहा है।

———बाईट———

————————————————————————————————

रामनवमी पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि यह पर्व हमें सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश देता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उन्हें यह विश्वास है कि मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम का जीवन और उनके आदर्श विकसित भारत के निर्माण के सशक्त आधार बनेंगे। इधर, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी प्रदेशवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं दी है।

————————————————————————————————

चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन आज देवी दुर्गा के सिद्धिदात्री स्वरूप की पूजा—अर्चना हो रही है। मान्यताओं के अनुसार माँ का यह स्वरूप सिद्धियों को प्रदान करने वाला होता है। इस दिन मां दुर्गा अपने भक्तों की समस्त मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। राजधानी पटना समेत प्रदेश के विभिन्न शक्तिपीठों, मंदिरों और पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की लंबी—लंबी कतारें लगी हुई है। कई जगहों पर सामूहिक कन्या पूजन का भी आयोजन किया जा रहा है।

————————————————————————————————

मौसम विभाग ने आज चौदह जिलों पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण, गोपालगंज, सीवान, बक्सर, रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद, नवादा, शेखपुरा, मुंगेर, जमुई, बांका और खगड़िया में लू चलने की चेतावनी जारी की है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक कुणाल कौशिक मैतेय ने बताया कि कल भी इन क्षेत्रों में लू चलने की आशंका है। वहीं, अगले चार से पांच दिन के दौरान राज्य के औसत तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि हो सकती है।

———बाईट———

इधर, पछुआ हवा के प्रभाव से कल पटना, पूर्वी चंपारण और शेखपुरा जिले के कुछ हिस्से लू की चपेट में रहे। तेरह जिलों का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। बयालीस डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ शेखपुरा राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

———————————————————————————————

बिहार एसटीएफ की अलग–अलग टीमों ने पटना और गया से दो इनामी अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————————

मधुबनी की एक अदालत ने अपहरण और हत्या के दोषी मनीष कामत, हरि कामत और सुरेश कामत को उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही इन तीनों पर अदालत ने दस–दस हजार रुपए जुर्माना भी लगाया है।

———————————————————————————————

सासाराम की पॉक्सो अदालत ने दुष्कर्म के तीन महीने पुराने एक मामले में दोषी शरदकांत को बीस साल कारावास और तीस हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

———————————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने चुनाव–प्रचार से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** लिखता है– गया और पूर्णियां की सभा में प्रधानमंत्री का विपक्ष पर जोरदार प्रहार। कहा– बिहार में नीतीश के कार्यों का श्रेय ले रहा राजद।

**दैनिक जागरण** ने तेजस्वी प्रसाद यादव के हवाले से लिखा है– लालू ने रेलवे के चार कारखाने खोले।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है– पटना में तेज रफ्तार ऑटो, मेट्रो निर्माण में लगे क्रेन से टकराया, सात की गयी जान।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है– यूपीएससी टॉप– ट्वेंटी में तेरह बीटेक, टॉप– पांच में तीन पहले से ही आईपीएस।

**राष्ट्रीय सहारा** लिखता है– छत्तीसगढ़ में उनतीस नक्सली ढेर।

**दैनिक आज** की सुर्खी है – सक्षमता परीक्षा पास शिक्षकों की पोस्टिंग के लिए रिक्तियों की गिनती शुरू।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर...........

01. उन्नीस अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार का आज अंतिम दिन। बिहार के चार संसदीय क्षेत्रों– औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई से अड़तीस प्रत्याशी चुनाव मैदान में।

02. सिविल सेवा परीक्षा दो हजार तेईस के परिणामों में बिहार के अभ्यर्थियों का शानदार प्रदर्शन। समस्तीपुर के शिवम कुमार टिबरेवाल राज्य में प्रथम स्थान पर।

03. रामनवमी का पर्व आज धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। पटना के महावीर मंदिर समेत विभिन्न मंदिरों में देर रात से ही श्रद्धालुओं की उमड़ रही है भीड़।

04. और, पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के कई स्थान लू की चपेट में। मौसम विभाग ने आज चौदह जिलों में लू की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।